**जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08.01.2026 को आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–**

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08–01–2026 को सांय 03:00 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत फर्म मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0, मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा एवं अनुरक्षण एवं संचालन हेतु पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 प्रवीन इलैक्ट्रिकल्स, प्रा0लि0, मुम्बई द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी, समीक्षा बैठक में उपस्थित निम्नानुसार रही :–

1. श्री विपिन कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
2. श्री चन्द्रपाल सिंह, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
3. श्री विकास वर्मा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
4. श्री सौरव कुमार, जूनियर इंजीनियर (वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
5. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 आरवी एसोसियेट, हाथरस।
6. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हाथरस।
7. परियोजना प्रबन्धक, मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
8. ए0जी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), हाथरस।
9. डी0पी0एम0, मै0 प्रवीन इलैक्ट्रिकल्स, प्रा0लि0, हाथरस।

आयोजित समीक्षा बैठक में निम्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी :–

1. **ट्यूबवैलों की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2** के अन्तर्गत **मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0** द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओं में **91 नग ट्यूबैल के सापेक्ष 88 नग ट्यूबैलों पर बोरिंग का कार्य पूर्ण करा लिया गया है**, शेष 03 नग ट्यूबवैल के बारे में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में आवंटित भूमि पर ज़ोन टेस्टिंग कराने पर मानक से अधिक टी0डी0एस0 होने के कारण बोर फेल हो गये हैं। जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता एवं सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि को शेष 03 नग ट्यूबवेल हेतु मीठे पानी की भूमि का चिन्हांकन कर ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

   तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3** के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु **मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली** द्वारा **252 नग पेयजल योजनाओं** पर **363 नग ट्यूबैलों का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है,** जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा **292 नग ट्यूबैलों पर बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है,** 71 नग ट्यबैलों का कार्य शेष है, जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि से उक्त विषय में पूछे जाने पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 07 नग ट्यूबवैल पर बोरिंग / डवलपमेंट का कार्य प्रगति पर है। शेष ट्यबवैल के बारे में पूछे जाने पर पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास पर्याप्त मैनपॉवर एवं मशीनरी न होने के कारण कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिसपर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यों की प्रगति पर कड़ी नराजगी व्यक्त करते हुए कांर्यों की प्रगति बढ़ाने हेतु अतिरिक्त मैनपॉवर / मशीनरी लगाते हुए अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

2. **पम्प हाउसों की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2** के अन्तर्गत **मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0** द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओं में **91 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 57 नग पम्प हाउसों पर निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है,** शेष पम्पहाउसों पर कार्यों की धीमी प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि से उक्त विषय में पूछे जाने पर प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 14 नग पम्पहाउस पर कार्य प्रगति पर है, शेष 20 नग पम्पहाउसों पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। शेष पम्पहाउसों के बारे में पूछे जाने पर पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास

DM Meeting Karyavrat

Scanned by CamScanner

पर्याप्त मैनपॉवर एवं मशीनरी का अभाव होने के कारण निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिसपर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कड़ी नराजगी व्यक्त करते हुए फर्म के प्रतिनिधि को शेष पम्पहाउसों पर पृथक रूप से मैनपॉवर/मशीनरी लगाते हुए अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3** के अन्तर्गत **मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0रामकी (जे0वी0), दिल्ली** द्वारा **252 नग पेयजल योजनाओं** पर **363 नग पम्प हाउस निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है,** जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा **189 नग पम्प हाउसों पर निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है** शेष पम्पहाउसों पर कार्यों की धीमी प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि से उक्त विषय में पूछे जाने पर प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 104 नग पम्पहाउस पर कार्य प्रगति पर है। शेष पम्पहाउसों के बारे में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास पर्याप्त मैनपॉवर एवं मशीनरी का अभाव है जिस कारण कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिसपर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कड़ी नराजगी व्यक्त करते हुए फर्म के प्रतिनिधि को शेष पम्पहाउसों पर पृथक रूप से मैनपॉवर/मशीनरी लगाते हुए अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

3. **शिरोपरि जलाशयों (ओ0एच0टी0) की समीक्षा :–** अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2** के अन्तर्गत **मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0** द्वारा **28** नग पेयजल योजनाओं में **81 नग शिरोपरि जलाशयों के निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 16 नग शिरोपरि जलाशयों पर निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है** शेष शिरोपरि जलाशयों की प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि से उक्त के विषय में पूछे जाने पर प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 30 नग शिरोपरि जलाशयों पर कार्य प्रगति पर है। अवशेष 35 नग शिरोपरि जलाशयों के बारे में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास पर्याप्त मैनपॉवर एवं मशीनरी का अभाव है जिस कारण निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिसपर अद्योहस्ताक्षरी कड़ी नराजगी व्यक्त करते हुए फर्म के प्रतिनिधि को शेष शिरोपरि जलाशयों पर पृथक रूप से मैनपॉवर/मशीनरी लगाते हुए अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3** के अन्तर्गत **मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली** द्वारा **252** नग पेयजल योजनाओं पर **255 नग शिरोपरि जलाशयों का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 94 नग शिरोपरि जलाशयों पर निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।** शेष शिरोपरि जलाशयों की प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि से उक्त के विषय में पूछे जाने पर प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 161 नग शिरोपरि जलाशयों पर कार्य प्रगति पर है। शिरोपरि जलाशयों के बारे में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास पर्याप्त मैनपॉवर एवं मशीनरी का अभाव है जिस कारण निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिसपर अद्योहस्ताक्षरी कड़ी नराजगी व्यक्त करते हुए फर्म के प्रतिनिधि को शेष शिरोपरि जलाशयों पर पृथक रूप से मैनपॉवर/मशीनरी लगाते हुए अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

4. **वितरण प्रणाली की समीक्षा :–** अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2** के अन्तर्गत **मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0** द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओं पर **843 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य प्रस्तावित है,** जिसके सापेक्ष **फर्म द्वारा वर्तमान तक 769 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी गयी है।** जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यों की प्रगति बढ़ाते हुए वितरण प्रणाली शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये साथ ही वितरण प्रणाली बिछाने के उपरान्त मार्गों की पुर्नस्थापना का कार्य कराने के निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 के अन्तर्गत मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली द्वारा** 252 नग पेयजल योजनाओं पर **2655 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य प्रस्तावित है,** जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा **2072 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी गयी है,** जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यों की प्रगति बढ़ाते हुए वितरण प्रणाली शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये साथ ही वितरण प्रणाली बिछाने के उपरान्त मार्गों की पुर्नस्थापना का कार्य कराने के निर्देश दिये गये।



Scanned by CamScanner

5. **गृह जल संयोजनों की समीक्षा :–** अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2** के अन्तर्गत **मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0** द्वारा **47645 नग गृह जल संयोजन का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 43095 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।** जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुऐ तीव्र गति से शेष कार्य कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये साथ ही किये गये प्रत्येक गृह जल संयोजनों पर जल जीवन मिशन की गाईडलाईन के अनुसार नम्बरिंग का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3** के अन्तर्गत **मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0)** द्वारा **160570 नग गृह जल संयोजन का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 84308 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।** इस अत्यन्त धीमी प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म के प्रतिनिधि को श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुऐ तीव्र गति से कार्य कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये साथ ही किये गये प्रत्येक गृह जल संयोजनों पर जल जीवन मिशन की गाईडलाईन के अनुसार नम्बरिंग का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये।

6. **विद्युत संयोजन की समीक्षा :–** जूनियर इन्जीनियर, वि0/या0 खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0) आगरा, द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–02 के अन्तर्गत 99 नग नलकूपों पर विद्युत संयोजन कराया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 95 नग नलकूपों पर विद्युत संयोजन हेतु आवेदन किया गया है, जिसमें 95 नग नलकूपों की विद्युत विभाग द्वारा टी0सी0 प्राप्त हो गई है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 76 नग नलकूपों पर विद्युत संयोजन हेतु धनराशि जमा की गई है एवं 15 नग नलकूपों पर विद्युत संयोजन हेतु धनराशि जमा करना शेष है तथा मात्र 69 नग नलकूपों पर ही विद्युत संयोजन का कार्य कराया गया है।

जूनियर इन्जीनियर, वि0/या0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0), आगरा द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–03 के अन्तर्गत 155 नग नलकूपों पर विद्युत संयोजन कराया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 154 नग नलकूपों पर विद्युत संयोजन हेतु आवेदन किया गया है, जिसमें 154 नग नलकूपों की विद्युत विभाग द्वारा टी0सी0 प्राप्त हो गई है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 119 नग नलकूपों पर विद्युत संयोजन हेतु धनराशि जमा की गई है एवं 35 नग नलकूपों पर विद्युत संयोजन हेतु धनराशि जमा करना शेष है तथा मात्र 105 नग नलकूपों पर ही विद्युत संयोजन का कार्य कराया गया है। नलकूपों के विद्युत संयोजन की धीमी प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधियों से विद्युत संयोजन की धीमी प्रगति का कारण पूछे जाने पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को आगामी बैठकों में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ताओं को भी बैठक में प्रतिभाग कराने के निर्देश दिये गये।

7. **अनुरक्षण एवं संचालन हेतु पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं की समीक्षा :–** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 39 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन का कार्य मै0 प्रवीन इलैक्ट्रिकल्स, प्रा0लि0, मुम्बई द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके क्रम में पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 तैयार कर शासन स्तर से अनुमोदन हेतु इस खण्ड कार्यालय द्वारा प्रेषित की जा चुकी हैं। वर्तमान में फर्म को 39 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 10 नग पेयजल योजनाओं (आंशिक रूप से संचालित) को हस्तगत किया गया है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 08 नग पेयजल योजनाओं पर ही आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। उक्त के क्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उपरोक्त 10 नग पेयजल योजनाओं पर नियमित रूप से क्लोरीनयुक्त पेयजल आपूर्ति हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–02 व फेज–03 के अन्तर्गत कार्यरत फर्मों को कार्यों की प्रगति बढ़ाने एवं मै0 प्रवीन इलैक्ट्रिकल्स को नियमित रूप से जलापूर्ति करने हेतु निर्देशित किया गया तथा समस्त संबंधितों को दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

(पी0एन0 दीक्षित)
मुख्य विकास अधिकारी
हाथरस

Scanned by CamScanner

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस

पत्रांकः– 42 /बैठक/ 03 दिनांकः– 09/01/2026

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदया, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
3. जिलाधिकारी महोदय, हाथरस।
4. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
5. अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
6. परियोजना निदेशक, मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
7. डी0जी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), हाथरस।
8. डी0पी0एम0, मै0 प्रवीन इलैक्ट्रिकल्स प्रा0लि0, हाथरस।
9. डी0पी0एम0, आरवी एसोसियेट (टी0पी0आई0), हाथरस।
10. जिला समन्वयक, मैधज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी0पी0एम0यू0), हाथरस।

मुख्य विकास अधिकारी
हाथरस

Scanned by CamScanner